भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2927
दिनांक 10 मार्च, 2026 / 19 फाल्गुन, 1947 (शक) को उत्तर के लिए

सुरक्षाकर्मियों द्वारा मारे गए नागरिक

†2927. डॉ. काकोली घोष दस्तीदारः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत दस वर्षों के दौरान कितने आतंकवादी हमलों की सूचना मिली है;
(ख) ऐसी घटनाओं में मारे गए और घायल हुए नागरिकों और सुरक्षाकर्मियों का ब्यौरा क्या है;
(ग) ऐसे हमलों के जवाब में मारे गए अथवा गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों की कुल संख्या कितनी है; और
(घ) ऐसी कितनी घटनाएं हुई हैं जिनमें न तो कोई आतंकवादी गिरफ्तार हुआ और ना ही मारा गया?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री नित्यानंद राय)

(क) से (घ) : यद्यपि संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार, 'पुलिस' और 'पब्लिक ऑर्डर' राज्य के विषय हैं, राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) पूरे देश में अपराध पर डाटा इकट्ठा करता है, और उसे अपने सालाना पब्लिकेशन 'क्राइम इन इंडिया' में प्रकाशित करता है, जिसकी शुरुआत 2017 से हुई थी। नवीनतम प्रकाशित डाटा वर्ष 2023 का है। इस विषय में वर्ष 2017 से 2023 तक एनसीआरबी द्वारा प्रकाशित डाटा के आधार पर संबंधित जानकारी अनुलग्नक में दी गई हैं।

******

<u>लोक सभा अता. प्रं.सं. 2927, दिनांक 10.03.2026</u>

अनुलग्नक

साल 2017 से 2023 तक देश में हुए आतंकवादी हमलों/घटनाओं, मारे गए आम लोगों, मारे गए सुरक्षाकर्मियों, मारे और गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों की जानकारी।

विवरण	2017	2018	2019	2020	2021	2022	2023
आतंकवादी हमले/घटनाएँ	129	259	160	113	164	196	29
मारे गए नागरिक	60	65	32	19	35	22	10
घायल हुए नागरिक	115	139	127	48	74	79	17
मारे गए सुरक्षाकर्मी	66	63	33	33	43	25	25
घायल हुए सुरक्षाकर्मी	156	266	129	56	90	88	17
मारे गए आतंकवादी	117	103	91	119	122	99	36
गिरफ्तार आतंकवादी	23	102	57	83	78	249	24

****